**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**03.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे**

## मौसम

प्रदेश में बीते चार दिनों से लगातार हो रही मॉनसून की भारी वर्षा से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान भारी वर्षा के कारण हुई घटनाओं में 9 लोगों की मृत्यु हुई है। मंडी जिले के जंगमबाग में कल रात अचानक आए मलबे में दो घर दब गए थे और इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। इधर शिमला जिला के रामपुर क्षेत्र में बिथल काली मिट्टी में एक निजी बस पर अचानक पत्थर और बोल्डरों के गिरने से दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। मृतक महिलाओं में एक नेपाली मूल की महिला और दूसरी महाराष्ट्र के जलगांव की निवासी है। घायलों को उपचार के लिए खनेरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर कुल्लू शहर के अखाड़ा बाजार में बीती रात भूस्खलन के चलते एक मकान पर भारी मलबा आ गया और इस घटना में दो व्यक्ति लापता हैं। मलबे में दबे लोगों को निकालने का अभियान जारी है। इधर राजधानी शिमला में लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरने व भूस्खलन की घटनाएं सामने आई है। शहर के रामचंद्र चौक में भारी भूस्खलन से सरकारी आवासों पर पेड़ गिरने का समाचार है हालांकि इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

इस बीच खराब मौसम को देखते हुए प्रदेश में आगामी सात सितम्बर तक सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान शिक्षकों को ऑनलाईन कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के समीप शोघी में निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सात मंजिला इस भवन में तीस बिस्तर की सुविधा होगी। इसके अलावा सीएचसी स्टॉफ के लिए भी आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने शोघी में प्रस्तावित बस स्टैंड़ साईट का निरीक्षण भी किया। इससे पहले लोकनिर्माण मंत्री ने तारा देवी मंदिर न्यास और संकट मोचन मंदिर न्यास की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना मंदिर प्रबंधन की प्राथमिकता है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रदेश में हुई मूसलाधार वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में भारी तबाही हुई है और इस आपदा की घड़ी में भाजपा के सभी विधायक, सांसद और कार्यकर्ता अपने–अपने स्तर पर राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने हमीरपुर जिले में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित चबूतरा गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। सिकंदर कुमार ने कहा कि भाजपा इस आपदा की घड़ी में प्रभावितों के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है।

**पेयजल किल्लत**

भारी बारिश के चलते शिमला शहर की पेयजल योजनाओं में अत्यधिक गाद जमा हो गई है, जिससे पानी की लिफ्टिंग और सप्लाई में भारी दिक्कत आ रही है। शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक राजेश कश्यप ने कहा है कि निगम के अधिकारी व कर्मचारी गाद को हटाने में जुटे हुए हैं ताकि शहर वासियों को पानी की सप्लाई नियमित तौर पर की जा सके। उन्होंने लोगों से भी सहयोग की अपील की है।

---